# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग, अमरोहा।

पत्रांक 2375 /14–1 दिनांक,अमरोहा, मार्च, 22 2018

सेवा में,

टेरीटरी मैनेजर बिक्री,
एस्सार आयल लिमिटेड,
ए–5, सेक्टर–3 नोएडा, उत्तर प्रदेश।

विषय :– जनपद अमरोहा में ग्राम नारंगपुर तहसील अमरोहा की खसरा संख्या 41 में एस्सार ऑयल कर्पो० लि० नोएडा द्वारा स्थापित किये जा रहे पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.204492 हे० संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक जनपद अमरोहा में ग्राम नारंगपुर तहसील अमरोहा की खसरा संख्या 41 में में एस्सार ऑयल कर्पो० लि० नोएडा द्वारा स्थापित किये जा रहे पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.204492 हे० संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग के सम्बन्ध में अनुमति बावत ऑन लाइन आवेदन कर प्रस्ताव की मूल प्रतियां इस कार्यालय में प्रस्तुत की गयी है।

उक्त प्रस्तावों का अवलोकन करने पर निम्न कमियां प्रकाश में आयी है :–

1. प्रस्ताव के साथ संलग्न पार्ट–I में प्रयोक्ता एजेंन्सी के हस्ताक्षर के नीचे नाम व तिथि अंकित नहीं की गयी है।
2. प्रस्ताव के साथ भूमि आंगणन विवरण संलग्न नहीं किया गया है।
3. प्रस्ताव के साथ संलग्न प्रमाण–पत्रों पर हस्ताक्षर के नीचे संबंधित अधिकारी का नाम एवं तिथि अंकित नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ टोपोशीट संलग्न नहीं की गयी है।
5. प्रस्ताव के साथ संलग्नक मैप पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुमोदित नहीं है। अनुमोदित मैप संलग्न करें।
6. उक्त के अतिरिक्त निम्न प्रमाण–पत्र नहीं उपलब्ध कराये गये है :–
   1– वैकल्पिक भूमि सम्बन्धित प्रमाण–पत्र ।
   2– योजना आयोग द्वारा गठित टास्क फोर्स की सभी शर्तो को मान्य संबंधित प्रमाण–पत्र।
   3– उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित शर्ते मान्य संबंधित प्रमाण–पत्र।

उपरोक्तानुसार मूल प्रस्ताव पत्र के साथ संलग्न कर आपको इस आशय से लौटाये जा रहे है, कि आप इंगित कमियों का निराकरण करते हुए पुनः मूल प्रस्थाव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सकें।

( रमेश चन्द्र )
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।

पत्रांक / दिनांकित।

1– प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।
2– प्रतिलिपि वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक मुरादाबाद वृत्त मुरादाबाद की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

( रमेश चन्द्र )
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग
अमरोहा।